भारतीय समाचारपत्रों को मिले अमरीकी सेन्ट्रल इंटेलीजेन्स एजेंसी से धन

5348. श्री राम सिंह अयरवाल :
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री यशवन्त सिंह कुशवाह :
श्री ओंकार लाल बेरवा :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कुछ भारतीय समाचार पत्रों को सेन्ट्रल इंटेलीजेंस एजेंसी से धन मिल रहा है,

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार ने क्या कार्यवाही की है; और

(ग) सरकारी जानकारी के अनुसार किन-किन समाचार पत्रों को अमरीकी धन मिल रहा है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) (क) से (ग) गुप्त वार्ता विभाग से अभी हाल के चुनावों तथा अन्य उद्देश्यों के लिए विदेशी धन के उपयोग के बारे में जांच करने को कहा गया था। गुप्त वार्ता विभाग से एक प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है और उसकी सावधानी से जांच की जा रही है। सरकार को इस विषय में निष्कर्षों पर पहुंचने और यह निर्णय लेने में कुछ समय लगेगा कि क्या आगे और कोई जांच करना जरूरी है।

केन्द्रीय शिक्षा संस्थाओं में अध्यापक

5349. श्री राम चरण :
श्री रामजी राम :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले पांच वर्षों में केन्द्रीय शिक्षा संस्थाओं में अध्यापकों के कितने पद बनाये गये; और

(ख) इनमें से कितने पदों पर अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के व्यक्ति नियुक्त किये गये ?

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) और (ख) सूचना एकत्र की जा रही है और यथा समय सभा-पटल पर रख दी जाएगी।

केन्द्रीय पुलिस विभाग में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के व्यक्ति

5350. श्री राम चरण :
श्री रामजी राम :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) केन्द्रीय पुलिस विभाग ने तृतीय तथा चतुर्थ श्रेणी की सेवाओं में अनुसूचित जाति तथा आदिम जाति के कितने अभ्यार्थी नियुक्त किये गये, और

(ख) आरक्षित पदों के आधार पर कितने प्रतिशत कमी है तथा क्या इस कमी को पूरा करने के लिये कदम उठाये जा रहे हैं ?

गृह-कार्य मंत्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण): (क) और (ख) सूचना एकत्रित की जा रही है और प्राप्त होने पर दे दी जायेगी।

हिन्दी अध्यापन योजनाएं

5351. श्री राम चरण :
श्री रामजी राम :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) गृह-कार्य मंत्रालय में हिन्दी अध्यापन योजना के अन्तर्गत कुल कितने अध्यापक हैं,

(ख) उनमें से कितने अध्यापक अनुसूचित जातियों तथा आदिम जातियों के हैं; और